## महत्वपूर्ण एवं खास

### रानू साहू और सौम्या चौरसिया 5 दिनों के लिए ईओडब्ल्यू की रिमांड पर

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में कोयला घोटाला केस में गुरूवार को कोर्ट ने रानू साहू और सौम्या चौरसिया को ईओडब्ल्यू की रिमांड पर दिया है। दोनों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर ईओडब्ल्यू की टीम रायपुर स्पेशल कोर्ट पहुंची थी। यहां टीम ने 15 दिन की रिमांड मांगी थी हालांकि कोर्ट से 5 दिन की ही रिमांड मिली है। ईओडब्ल्यू अब 27 मई तक दोनों से कोयला घोटाला केस में पूछताछ करेगी। रानू साहू और सौम्या चौरसिया को गुरुवार को जज अतुल श्रीवास्तव की कोर्ट में पेश किया था। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील फैजल रिज़वी ने कहा कि, ईओडब्ल्यू ने 5 जून तक रिमांड की मांग की हकै। जिस पर हमें आपत्ति है। के केस में एक की बेल हो गई है और रानू साहू की बेल सुप्रीम कोर्ट में लगी हुई है। वहीं सौम्या चौरसिया की बेल पर भी हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है इस वजह से ही फिर गिरफ्तारी की जा रही है। रिमांड मांगने के लिए भी कुछ पुख्ता तथ्य पेश नहीं किए गए हैं। 3 दिन तक पहले ही पूछताछ हो चुकी है। दोंनो पक्षों के सुनने के बाद कोर्ट ने रानू साहू और सौम्या चौरसिया 5 दिनों के लिए ईओडब्ल्यू की रिमांड पर सौंप दिया है। बता दें कि इससे पहले भी विशेष कोर्ट 5 दिन और फिर 3 दिन के लिए पूछताछ की अनुमति दे चुकी है। तब टीम ने रायपुर सेंट्रल जेल में 29 मार्च से 2 अप्रैल तक और उसके बाद 4 से 7 अप्रैल तक पूछताछ की थी।

### टयूशन जा रही छात्रा को ट्रक ने कुचला,मौत

**दुर्ग (आरएनएस)।** जिले के भिलाई क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक ने टयूशन जा रही छात्रा को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रक चालक मौके से ट्रक छोडक़र फरार हो गया। भिलाई पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार स्कॉलर एम्पायर कोचिंग सेंटर में पढऩे वाली रिद्धिमा साहू गुरूवार शाम अपनी एक्टिवा वाहन से कोङ्क्षचग सेंटर जा रही थी इसी दौरान पंथी चौके सेक्टर 8 के पास एक तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 07 सी 7408 ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे रिद्धिमा अपनी गाड़ी से उछलकर नीच गिंर गई और उसका सिर ट्रक के चक्के के नीचे आकर कुचल गया और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया किंतु कुछ देर बाद उसने थाने पहंचकर सरेंडर कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाइक सवार आपस में टकराए : पति-पत्नी गंभीर

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** जिले के ग्राम पोड़ीदलहा मुख्य मार्ग में दो बाइक में आमने-सामने जोरदार भिड़त हुई है। हादसे में एक बाइक में सवार पति-पत्नी को गंभीर चोट आई हैं, वहीं दूसरा बाइक चालक मौके से फरार है। पुलिस फरार बाइक चलाक की तलाश कर रही है। घायलों को इलाज के लिए बिलासपुर सिम्स अस्पताल भेजा गया। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार घायल श्रवण राठौर (46) ने बताया की बिलासपुर जिले के सीपत के ग्राम कौडिया का रहने वाला है। वह अपनी पत्नी गंगा बाई के साथ शादी में शामिल होने के लिए खरसिया जा रहे थे। इसी बीच बाइक सवार पति-पत्नी पोड़ीदलहा मार्ग पर पहुंचे थे कि सामने से एक तेज रफ्तार दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। श्रवण ने बताया कि दूसरी बाइक पर 2 लोग सवार थे। वहीं ठोकर मारने के बाद पति-पत्नी सडक़ पर दूर जा गिरे। दूसरा बाइक चालक मौके से अपनी बाइक लेकर फरार हो गया, मगर उसके साथ बैठे बुजुर्ग को मौके पर ही छोड़ दिया था। पूछने पर बुजुर्ग ने बताया कि वह पामगढ़ के बोरसी गांव का रहने वाला है।

### महिला से डेढ़ लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** अवधपुरी पुरानी बस्ती में बीसी खिलाने के नाम पर 1 लाख 60 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अनिता नायक 50 वर्ष विकाश विहार कालोनी रायपुरा की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपिया प्रिति राव 39 वर्ष, आरोपिया के पति हलधर राव व रूपेश राव ने बीसी खिलाने के नाम पर प्रार्थिया से 1 जुलाई 2012 से 31 दिसंबर 2015 के मध्य प्रतिमाह 2 हजार रुपए ले लिए। इस तरह आरोपियों ने कुल 1 लाख 60 हजार रुपए ठग लिए और पैसा वापस नहीं किए। प्रार्थिया ने मामले की शिकायत कोर्ट में की थी, जिससे कोर्ट के आदेश पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# पेट्रोल पंप पर मारपीट की सूचना पर पुलिस टीम ने देर रात छापेमारी कर 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

- आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल
- पेट्रोल पंप के मालिक ने लूटपाट की घटना से किया इंकार, आरोपियों को बलवा व मारपीट के अपराध में पुसौर पुलिस ने भेजा जेल
- पेट्रोल पंप के सेल्समैन से शराब पीने के लिए पैसे मांग रहे थे आरोपी, पैसे नहीं मिलने पर मारपीट कर हुए थे फरार



**रायगढ़**

दिनांक 22/05/2024 की रात्रि थाना पुसौर क्षेत्र अंतर्गत सारंगढ़ मुख्य मार्ग में ग्राम तुपकधार स्थित सिद्धी फ्यूल (पेट्रोल पंप) में रात्रि करीब 9:40 बजे 6-7 की संख्या में स्कार्पियो वाहन में आये अज्ञात व्यक्तियों ने पेट्रोल पंप के सेल्समैन जयराम (44 साल) से शराब पीने के लिए रूपये मांगे, जयराम ने रुपए देने से इनकार किया तो उसे गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। इस बीच पंप में काम कर रहे जयकुमार का लड़का श्रवण (24 साल) और लोचन गुप्ता बीच बचाव करने आये जिन्हें भी अज्ञात व्यक्तियों ने हाथ मुक्का लात से मारपीट कर से पेट्रोल पंप में उत्पाद मचाते हुए भाग गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। पुलिस को पेट्रोल पंप के किसी कर्मचारी ने अज्ञात आरोपियों द्वारा रूपयों की लूटपाट कर भाग जाने की सूचना दी गई थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने तत्काल जिले के सभी एक्जिट पांइट की नाकेबंदी कराया गया तथा नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला एवं साइबर सेल व थाना प्रभारियों को नाकेबंदी कर संदेही स्कार्पियो वाहन एवं आरोपियों की पतासाजी का निर्देश दिये। घटना के कुछ ही देर बाद तत्काल पुसौर टीआई रोहित बंजारे अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया। फुटेज में आरोपीगण नशे में सेल्समेन जयराम, उसके लड़के श्रवण और लोचन गुप्ता से मारपीट करते साफ दिखाई दे रहे थे और घटना कारित कर फरार हुए बोलेरो का नंबर सीजी 13 ए.ए 9450 की जानकारी मिली। वाहन के डिटेल पर वाहन स्वामी के थाना जूटमिल के भजनडिपा के होने की जानकारी मिली। तत्काल पुलिस छापेमारी कर घटना में शामिल रहे पांच आरोपी लखेश्वर निराला, वीरेंद्र निराला, भोला जाटवार, कलेश्वर जाटवार, मंशाराम जाटवार और अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया , पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया है।


घटना के संबंध में पेट्रोल पंप संचालक विजय चौधरी के रिपोर्ट पर थाना पुसौर में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 129/2024 धारा 147, 294, 506, 323, 327 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों से घटना में प्रयुक्त स्कार्पिया वाहन सीजी 13 ए.ए 9450 की जप्ती की गई है। नगर पुलिस अधीक्षक के साथ पुसौर पुलिस द्वारा पेट्रोल पंप के संचालक विनोद चौधरी से लूटपाट की घटना को लेकर विस्तृत पूछताछ, तस्दीकी गई जिसमें रात्रि में पेट्रोल पंप से सेल्स हुए पेट्रोल की रकम सही मिला, पंप पर रात्रि किसी प्रकार की लूटपाट की घटना नहीं हुई थी। पुलिस को लूटपाट की गलत सूचना पेट्रोल पंप के किसी कर्मचारी द्वारा दी गई थी। पुलिस ने अपचारी बालक समेत 05 आरोपी – लखेश्वर निराला पिता पिललाल निराला उम्र 23 वर्ष, वीरेंद्र निराला पिता विजय निराला उम्र 26 वर्ष, भोला जाटवार पिता रामाधार जाटवर उम्र 25 वर्ष, कलेश्वर भारद्वाज पिता स्वर्गीय अनुज भारद्वाज 42 वर्ष, मंशाराम जटवार पिता स्वर्गीय अनुज राम जाटवार उम्र 61 वर्ष सभी निवासी राजीव गांधी नगर भजनडीपा थाना जूटमिल जिला रायगढ़ को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर आरोपियों की तत्काल पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्रवाई में थाना पुसौर, थाना जूटमिल एवं साइबर सेल की टीम विशेष भूमिका रही है।

## कलेक्टर धर्मेश साहू ने गोडिहारी में मिली मूर्ति के संबंध में पुरातत्व विभाग को लिखा पत्र

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**





सारंगढ़ के नजदीक ग्राम पंचायत गोडिहारी के खेत में मंगलवार 21 मई को पत्थर की मूर्ति मिली। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर तहसीलदार पूनम तिवारी ने अधीनस्थ पटवारी और ग्रामीणों की उपस्थिति में बुधवार को मूर्ति प्राप्ति स्थल पर पंचनामा तैयार किया है। कलेक्टर साहू ने जिले में पत्थर की मूर्ति प्राप्ति के संबंध में पुरातत्व विभाग रायपुर को पत्र लिखा है। उल्लेखनीय है कि भूमिस्वामी द्वारा दो माह पूर्व खेत की जोताई ट्रेक्टर से करवाने पर यह शिला में बनी मूर्ति ट्रेक्टर के हल में फंसकर बाहर निकल गया, जिसे मेड़ के एक किनारे में किया गया था। 21 मई मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों ने इस शिला को पलटकर देखा तो मूर्ति नजर आया और यह खबर सारंगढ़ अंचल सहित देश प्रदेश में फैल गया।

**जनश्रुति अनुसार बाबा भैरों की पत्नी मां हर मैया की है मूर्ति-** गांव वालों ने भी माता की चुनरी को ओढ़ाया है और मूर्ति के संबंध में जनश्रुति से जानकारी मिली है कि मूर्ति के मध्य में स्थित आकृति बाबा भैरों की पत्नी मां हर मैया की है। इसके साथ में महिला और पुरुष दाएं बाएं हैं, वो उनके सेवक हैं। मां हर मैया का स्थान मंदिर आदि किसी राज्य, गांव आदि की सीमा पर होता है। राजा द्वारा इनको बलि दिया जाता था। साथ ही रानी इनकी सेवा गीत गाती थी।

## गुम बालिका दस्तयाब : नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- आरोपित को दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट में खरसिया पुलिस ने भेजा रिमांड पर, आरोपी गया जेल



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को गुम नाबालिगों के संबंध में पंजीबद्ध धारा 363 आईपीसी के अपराधों की लगातार जांच पतासाजी कर अधिक से अधिक गुम नाबालिकों की दस्तयाबी के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में खरसिया पुलिस को क्षेत्र से 14 मई को लापता हुई बालिका को दस्तयाब करने में सफलता मिली है। गुम बालिका के पिता द्वारा 21 मई को थाना खरसिया में बालिका के बिना बताए घर से कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था जिस पर थाना खरसिया में अपराध क्रमांक 300/2024 धारा 363 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। गुम बालिगा पतासाजी के दौरान 21 मई को पुलिस ने बालिका को उसके गांव जाकर दस्तयाब किया और बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया जिसमें बालिका बताई की पिछले तीन माह से लक्ष्मण दास महंत (उम्र 27 वर्ष) उसे प्रेम प्रसंग में फंसा कर शादी करने की बात कह रहा था और 14 मई के सुबह लक्ष्मण महंत मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स में बिठाकर बिलासपुर ले गया। जहां एक लेबर कॉलोनी में किराया मकान में रखकर शादी का विश्वास देकर शारीरिक संबंध बताया। लक्ष्मण दास महंत को बालिका के परिजनों द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की जानकारी होने पर बालिका को उसके गांव के बाहर छोड़कर भाग गया था। पुलिस खरसिया पुलिस द्वारा प्रकरण में धारा 366, 376(2)(n), 323 आईपीसी तथा धारा 6 पॉक्सो एक्ट अपराध में विस्तारित किया और आरोपी को उसके गांव में दबिश देकर थाना लाया गया। आरोपी से पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स CG 13 AQ 3637 की जप्ती कर आरोपित का न्यायिक रिमांड लेने न्यायालय पेश किया गया, माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी का जेल वारंट प्रदाय करने पर आरोपी को खरसिया पुलिस द्वारा जेल दाखिल किया गया है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी खरसिया प्रभात कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर महिला संबंधी अपराध में त्वरित कार्यवाही में प्रशिक्षु आईपीएस एवं थाना प्रभारी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल, उपनिरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन, चौकी प्रभारी जोबी सहायक उप निरीक्षक आशिक रात्रे, आरक्षक हेमलाल सिदार एवं हमराह स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही है।

## विनोबा भावे नगर मदनपुर में पुलिस ने 67 पाव शराब व 3 बीयर बोतल के साथ आरोपी गिरफ्तार : अवैध शराब पर खरसिया पुलिस ने की कार्यवाई

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी खरसिया प्रभात कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर थाना खरसिया क्षेत्र अंतर्गत प्रशिक्षु आईपीएस एवं थाना प्रभारी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में अवैध कारोबार पर नियंत्रण लगाने लगातार पुलिस टीम अवैध शराब, जुआ-सट्टा पर अभियान स्तर पर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 23/05/2024 को पेट्रोलिंग दौरान उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन के हमराह पुलिस टीम द्वारा विनोबा भावे नगर मदनपुर खरसिया के राजकुमार राठौर पिता ठंडा राम राठौर उम्र 27 साल को काफी मात्रा में शराब अवैध बिक्री के लिए लाते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 67 पाव देशी प्लेन और अंग्रेजी शराब एवं 03 बोतल बियर जुमला 14 लीटर ब्लक शराब कीमती करीब 8,000 रुपए जप्त किया गया है। आरोपी पर राजकुमार राठौर थाना खरसिया में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है। शराब रेड कार्यवाही में उपनिरीक्षक ऐनु देवांगन, आरक्षक हेमलाल सिदार, सत्यनारायण सिदार शामिल थे।

## फटहामुड़ा में अवैध शराब बेच रहे व्यक्ति को जूटमिल पुलिस ने पकड़ा, आरोपी से 32 पाव देशी मशाला शराब बरामद



**रायगढ़।** थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में कल रात्रि मुखबिर सूचना पर जूटमिल पुलिस की टीम द्वारा फटहामुड़ा में शराब रेड कार्यवाही किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि फटहामुड़ा का घनश्याम राजभर अवैध बिक्री के लिए पुराना बस स्टैंड की ओर से अवैध शराब लेकर अपने घर की ओर जा रहा है। पुलिस ने संदेही को उसके घर के पास घेराबंदी कर शराब लेकर आते हुए पकड़ा गया जिसके पास रखे बोरी अंदर सीलबंद देशी मसाला शराब के 32 पाव बरामद हुआ। आरोपी घनश्याम राजभर पिता स्व0 बोधराम राजभर उम्र 39 साल निवासी फटहामुड़ा थाना जूटमिल रायगढ़ से 32 पाव देशी मासाला शराब कीमत रु.3,520 का जप्त कर थाना जूटमिल में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। शराब रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक खीरेंद्र जलतारे, सतीश पाठक, आरक्षक शशिभूषण साहू, लखेश्वर पुरसेठ और महिला आरक्षक समीक्षा दान पांडे शामिल थी।

## छग में 12 से 15 जून के बीच आ सकता है मानसून

**रायपुर । आरएनएस**



प्रदेश में इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। बुधवार की शाम अचानक मौसम का मिजाज बदला और करीब आधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई। इसके बाद मौसम सामान्य हो गया। गुरुवार सुबह से ही आसमान में चटख धूप निकली रही। वहीं दूसरी ओर मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में इस वर्ष 12 से 15 जून के मध्य मानसून आगमन की भविष्यवाणी की है। हालांकि इसके पूर्व प्री-मानसून की फुहारें भी पडऩी शुरू हो सकती हैं।

वहीं दूसरी ओर शनिवार से नौतपा भी प्रारंभ हो जाएगा। माना जाता है कि नौतपा के 9 दिनों तक धरती जितनी अधिक तपती है, उतरा ही बेहतर मानसून रहता है। मगर इस वर्ष नौतपा ज्यादा परेशान नहीं करेगा, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। मौसम विभाग की माने तो प्रदेश में इस वर्ष मानसून का आगमन जल्द हो सकता है। केरल में 29 मई तक मानसून आगमन की संभावना है। इस लिहाज से प्रदेश में 12 से 15 मई के मध्य बस्तर के रास्ते मानसून प्रवेश कर सकता है। यदि ऐसा रहा तो प्रदेश में 5 मई के बाद से ही प्री-मानसून की बौछारें शुरू हो सकती हैं। दूसरी ओर वर्तमान में एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम, उत्तरप्रदेश से लेकर उत्तर बिहार तक बनी हुई है। वहीं एक दूसरी द्रोणिका पूर्वी उत्तरप्रदेश से मध्य प्रदेश होते हुए मध्य महाराष्ट्र तक फैली हुई है।

## श्रमिकों के सेहत और प्राथमिक उपचार में सहयोगी हैं मितानिन: सीएमएचओ डॉ पाणिग्राही

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अवधेश पाणिग्राही के द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारियों, मितानिन, समन्वयकों के माध्यम से मनरेगा कार्य कर रहे श्रमिकों के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु मितानिनों को कार्य स्थल पर प्राथमिक उपचार किट के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। निर्देश के परिपालन में जिले में कार्यरत मितानिनें, श्रमिकों के कार्य समाप्ति तक उपस्थित रखकर सेवा भाव से प्राथमिक उपचार करते नजर आ रहे हैं। डॉ अवधेश पाणिग्राही ने बताया कि यही वो समय है, जब जिले के लगभग सभी ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्य चल रहे हैं। साथ ही साथ इन दिनों जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते मजदूरों के तबीयत खराब होने की भी संभावना रहती है,जिसको ध्यान में रखते हुए जिले में कार्यरत मितानिनों को श्रम स्थल पर उपस्थित रहकर जरूरतमंदों को प्राथमिक उपचार देने के निर्देश दिए गए हैं। मितानीन अपनी जिम्मेदारी का भली भांति निर्वहन करते हुए अपनी दवा पेटी के साथ श्रम स्थल पर नरेगा श्रमिकों की प्राथमिक उपचार दे रहे हैं। मितानीन दवा पेटी में आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां जैसे - दर्द, बुखार, गैस, पतला दस्त, छोटे -मोटे, चोट-मोच में ड्रेसिंग आदि की उपचार संबंधी दवाइयों की उपलब्धता करा दी गई है। गर्मी के दिनों में निर्जलीकरण से बचाव हेतु पर्याप्त मात्रा में ओआरएस की व्यवस्था भी कर दी गई है।

## सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला मनरेगा से रोजगार उपलब्ध कराने में राज्य में प्रथम, पलायन रोकने में मददगार बना मनरेगा



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन और परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान के नेतृत्व में जिले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मनरेगा कार्य में जिले ने छत्तीसगढ़ में टॉप किया है। राज्य शासन ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले को मनरेगा कार्य में 9 लाख 76 हजार 476 कार्य दिवस का लक्ष्य दिया था जिसके विरुद्ध जिले ने 14 लाख 5 हजार 926 कार्य दिवस अर्जित कर यह कीर्तिमान स्थापित किया है।

वर्तमान में पलायन को रोकते हुए स्थानीय स्तर पर मनरेगा मजदूर के रूप में स्थानीय नागरिकों को रोजगार का अवसर प्रदान हुआ है। लगभग 50 हजार ग्रामीणों का पलायन इस वजह से रुका है, जिनका उपयोग स्थानीय स्तर पर राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत विकास कार्यों को पूर्ण करने में लगे हुए हैं। प्रतिशत में देखा जाए तो 144 प्रतिशत पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला प्रथम स्थान पर है। इसी प्रकार रायपुर और जिला दुर्ग जिला 115 प्रतिशत पर क्रमश द्वितीय और तृतीय स्थान पर है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अपने मातृ जिला बलोदाबाजार भाटापारा को 107 प्रतिशत पर और रायगढ़ को 75 प्रतिशत पर पीछे छोड़ दिया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480